UP Media Campaign Committee

(Uttar Pradesh Congress Committee)

27/12/11

प्रेस विज्ञप्ति

पांच साल मंत्रियों ने लूटा, अब मायावती उन्हें हटा रहीं

श्री राहुल गाँधी ने आज कहा की पांच साल भ्रष्टाचार करने की छूट देने के बाद मायावती ने चार मंत्री हटा दिए -- ऐसा करके वे किसको बेवकूफ बनाना चाहती हैं.

"वो किसको बेवकूफ बना रही है? अब जब चुनाव को एक महीना रह गया है तो इन मंत्रियों को हटाने का क्या मतलब? क्या इनके भ्रष्टाचार के बारे में मुख्यमंत्री पिछले पांच साल से नहीं जानती थी ? हमने स्वस्थ्य विभाग में पैसा भेजा तो मायावती ने उस विभाग के दो टुकड़े कर दिए और बाबूसिंह कुशवाहा को उसका मुखिया बना दिया ताकि पैसे की लूट हो सके. अब कुशवाहा से नाराज़ हैं तो कुशवाहा दिल्ली में घूम रहा है और मदद की मांग कर रहा है," श्री गाँधी ने आज लखीमपुर में एक जनसभा संबोधित करते हुए कहा.

श्री गाँधी ने आगे कहा कि मायावती अपने को दलित नेता कहती हैं मगर जब बुंदेलखंड में सूखा पड़ा तो वह वहां नहीं गई, जबकि वहां सबसे ज्यादा तकलीफ दलितों को ही हुई थी."जब मैं वहां गया तो लोगों ने मुझसे पूछा की मायावती क्यों नहीं आई-- मैंने कहा की दलितों की नेता हैं तो आप पूछिए कि क्यों नहीं आई. फिर मैं बुंदेलखंड के लोगों को लेकर प्रधानमंत्री के पास गया और उन्होंने सिर्फ दो दिन के अंदर बुंदेलखंड के लिए ३००० करोड़ का पैकेज भेज दिया, मगर यह पैसा वहां नहीं पहुंचा क्योंकि लखनऊ में जादू का हाथी सब पैसा खा गया.

श्री गाँधी ने युवाओं से कहा की अब मौका आ गया है, वे अपनी तकदीर बदल सकते हैं. २२ सालों तक आपने उन नेताओं को चुना जो सिर्फ धर्म और जाति की बात करते रहे-- विकास की नहीं. अब कांग्रेस को चुनिए, ऐसी सरकार चुनिए जो ५ साल में उत्तर प्रदेश का चेहरा बदल दे-- आपका भविष्य बदल दे. भारत तब तक नहीं चमकेगा, जब तक उत्तर प्रदेश नहीं चमकता.

"मैं यहाँ चुनाव जीतने नहीं आया हूँ. मैं उत्तर प्रदेश को बदलने आया हूँ और मैं तब तक यहाँ से नहीं जाऊँगा, जब तक मैं उत्तर प्रदेश को बदल नहीं लेता," उन्होंने कहा .

UP Media Campaign Committee

(Uttar Pradesh Congress Committee)

श्री गाँधी ने कहा कि २००४ में हमने वादा किया था कि हम ऐसी सरकार देंगे को आम आदमी की बात करेगी और हमने यह वादा पूरा किया. देश अब तरक्की कर रहा है और सरकार गरीब , दलित, शोषित, किसान, आदिवासी, और उपेक्षित वर्ग के लिये काम कर रही है.

श्री गाँधी ने कहा की केंद्र सरकार ने मनरेगा कार्यक्रम शुरू किया जो सीधे काम के हक से जुडा हुआ है.

उन्होंने कहा, "जब मनरेगा शुरू हुआ तो मायावती के कहा की यह बेकार है. उन्होंने सही कहा क्योंकी उत्तर प्रदेश में उनका हाथी इस योजना का सारा पैसा खा गया. आज अन्य प्रदेशों में मनरेगा लाखों लोगों के जीवन में बदलाव ला रहा है . इससे उन्हें रोज़गार और आत्म-सम्मान मिला है. अब हम खाद्य सुरक्षा कानून ला रहे हैं तो मायावती जी कहती है की यह भी बेकार हैं -- इस कानून के बाद किसी को भूखा नहीं रहना होगा और हर परिवार को ३५ किलो अनाज मिलेगा".

श्री गाँधी ने कहा की उत्तर प्रदेश के युवा ने अपने २२ साल बर्बाद कर दिए हैं क्योंक यहाँ की सरकारों ने उनका भविष्य नहीं बनाया.

श्री गाँधी ने कहा की यहाँ का मजदूर और प्रदेशों को चमकता है और हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र को प्रगति की राह पर ले जाता है, मगर अपने प्रदेश के लिए कुछ नहीं कर पता क्योंकि उसके नेता नहीं चाहते की यहाँ भी खुशहाली हो.

श्री गाँधी ने कहा कि पैसे की कोई कमी नहीं है विकास के लिए, मगर यहाँ सारा पैसा जादू का हाथी खा जाता है. उन्होंने युवाओं से कहा की वे अपनी ताकत पहचाने और ऐसी सरकार को लाये जो उनके भविष्य के लिए काम करे.

राज बब्बर
अध्यक्ष